Phone : 07741-233014

केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा (छ.ग.)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
Kendriya Vidyalaya Maharajpur Kawardha (C.G.)
An Autonomous Body under Ministry of Education : Govt. of India
करपात्री स्टेडियम , जिला पंचायत रोड , कवर्धा , जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Karpatri Stadium, Zila Panchayat Road , Kawardha Dist- Kabirdham (CG.) 491995
Website: https://kawardha.kvs.ac.in/ Email – kawardhakv@gmail.com
CBSE Affiliation No :- 3300033, CBSE School Code :- 19268

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Ref. No. F./1-3/KV/KWD/2021-22/ Dated: 27-12-2021

# विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक का कार्यवाही विवरण

केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा में विद्यालय प्रबंधन समिति की सत्र 2021-22 की प्रथम बैठक **दिनांक 16-12-2021 (गुरुवार)** को अपराह्न 01:00 बजे आयोजित की गई | माननीय कलेक्टर & अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई | विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम गणमान्य सदस्यों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया | प्राचार्य द्वारा समिति के समक्ष केन्द्रीय विद्यालय संगठन संबंधित जानकारी दी गई | तत्पश्चात बैठक के निर्धारित बिन्दुओं पर चर्चा आरंभ हुई |

1. विद्यालय के प्राचार्य द्वारा केंद्रीय विद्यालय कवर्धा में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से संचालित शैक्षणिक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई | साथ ही G-SUITE के माध्यम से आयोजित की गई परीक्षाओं के बारे में बताया गया |
2. प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष वर्तमान में कक्षा वार दर्ज विद्यार्थियों की नामांकन संख्या तथा सत्र 2021-22 में प्रवेश संबंधित जानकारी के विषय पर भी चर्चा की गई |
3. समय समय पर विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके निदान हेतु विस्तृत चर्चा के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक (PTM) के बारे में समिति को अवगत कराया गया | जिससे अभिभावकों को बच्चों के विविध पक्षों में होने वाले विकास से अवगत कराया जाता है।
4. विद्यालय में सत्र 2021-22 के लिए नियमित एवं संविदा शिक्षकों के विषय पर चर्चा की गई | माननीय अध्यक्ष , वि.प्र.स. के द्वारा सत्र 2021-22 के लिए नियमित एवं संविदा शिक्षकों की पर्याप्त संख्या के बारे में जानकारी ली गई।
5. इसके उपरांत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बच्चों की विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे - एक भारत श्रेष्ठ भारत, National Children Science Congress,Virtual science exhibition (promotion of toys as a tool for education),Inspire award manak scheme, Creative thinking, आज़ादी का अमृत महोत्सव, महात्मा गाँधी जयंती, राष्ट्रीय पोषण माह, स्वतंत्रता दिवस आदि में भागीदारी की जानकारी PPT के माध्यम से प्रबंधन समिति के समक्ष रखी गई |
6. नए स्थाई भवन के निर्माण के बारे में चर्चा की गई और निरीक्षण समिति से सहयोग की अपेक्षा की गई।
7. विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के समक्ष आगामी शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा दसवीं हेतु अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था संबंधित चर्चा की गई |अस्थाई भवन में संचालित विद्यालय में कमरे कम होने के कारण विद्यार्थियों को पुस्तकालय , योग कक्ष , खेलकूद कक्ष की सुविधा नहीं मिल पा रही है | माननीय अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के समीप तीन कमरों की व्यवस्था शीघ्र कराये जाने के संबंध में आश्वस्त किया गया | साथ ही अप्रैल 2022 से पहले नगर पालिका , कवर्धा द्वारा विद्यालय के समीप तीन कमरों का निर्माण करवाए जाने के निर्देश माननीय कलेक्टर & अध्यक्ष वि.प्र.स. के द्वारा दिए गए।

23/12/21



अध्यक्ष / CHAIRMAN
विद्यालय प्रबंध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
महाराजपुर, कवर्धा (छ.ग.)
Maharajpur Kawardha

Phone : 07741-233014

केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा (छ.ग.)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
*Kendriya Vidyalaya Maharajpur Kawardha (C.G.)*
*An Autonomous Body under Ministry of Education : Govt. of India*
करपात्री स्टेडियम , जिला पंचायत रोड , कवर्धा , जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Karpatri Stadium, Zila Panchayat Road , Kawardha Dist- Kabirdham (CG.) 491995
Website: https://kawardha.kvs.ac.in/ Email – kawardhakv@gmail.com
CBSE Affiliation No :- 3300033, CBSE School Code :- 19268

8. केन्द्रीय विद्यालय परिसर के अन्दर रात्रि में पर्याप्त रोशनी की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया, अध्यक्ष महोदय के द्वारा तुरन्त प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए | |
9. बरसात के मौसम में विद्यालय के मुख्य द्वार पर कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है , जिसके चलते आवाजाही में रुकावट पैदा होती है। साथ ही कक्षा कक्षों के नीचे गहरे रंगरोगन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष महोदय ने ध्यान से इस समस्या को सुना और समाधान का आश्वासन दिया।
10. विद्यालय में विद्यार्थियों/शिक्षकों के लिए बैडमिंटन / लॉन टेनिस कोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चर्चा की गई । इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी , नगर पालिका कवर्धा द्वारा अवगत कराया गया कि शिक्षक बैडमिंटन / लॉन टेनिस कोर्ट की सुविधा की सुविधा तय शुल्क का भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं तथा विद्यार्थियों को बिना किसी शुल्क के बैडमिंटन / लॉन टेनिस कोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा |
11. केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई भवन में फर्श/नाली/छज्जा/टीन शेड आदि की मरम्मत कराये जाने के संबंध में चर्चा की गई | केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई भवन में फर्श/नाली/छज्जा/टीन शेड आदि की मरम्मत का कार्य नगर पालिका , कवर्धा द्वारा करवाए जाने के निर्देश माननीय कलेक्टर & अध्यक्ष वि.प्र.स. के द्वारा दिए गए ।

उपरोक्त जानकारी सभी गणमान्य सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक उपरांत सभी माननीय सदस्यों को प्राचार्य महोदय द्वारा धन्यवाद प्रेषित कर इस परिचर्चा को पूर्णता प्रदान की गई | विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे |

**1. SHRI V.K.CHOUHAN**
**(EXECUTIVE ENGINEER , PWD , KAWARDHA**

**2. MR NARESH KUMAR VERMA**
**CMO, NAGAR PALIKA KAWARDHA, KABIRDHAM**

**3.SHRI P. JHA**
**PRINCIPAL , JNV UDIAKALA**

**4. SHRI RANG LAL BARLE**
**PRINCIPAL S.ATMANAND ENG. MED. SCH KAWARDHA**

**5. SHRI PRABUDDH SHARMA**
**TEACHER (MUSIC) , NAGAR PALIKA KAWARDHA**

**6. SMT. RAJESHWARI SAHU**
**KRISHI VIGYAN KENDRA KAWARDHA**
**Parent of Mast. SARTHAK SAHU , Class - VII**

**7.. SHRI SANJAY TIWARI**
**Parent of Mast. ANANT TIWARI , Class- IX**

**8. MR MANOJ PUSHAM**
**TGT-SC , KV KAWARDHA**

27/12/21
**प्राचार्य ग्रेड-II**
**केंद्रीय विद्यालय कवर्धा**

**कलेक्टर , कबीरधाम &**
**अध्यक्ष**
**विद्यालय प्रबंध समिति**
**केंद्रीय विद्यालय कवर्धा**

अध्यक्ष / CHAIRMAN
विद्यालय प्रबंध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
महाराजपुर, कवर्धा (छ.ग.)
Maharajpur, Kawardha